29-10-2020

# पैंटानल आर्द्रभूमि

प्रश्न :- निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. पैंटानल आर्द्रभूमि विश्व की सबसे बड़ी उष्णकटिबंधीय आर्द्रभूमि/दलदली भूमि वाला क्षेत्र है।
2. पैंटानल आर्द्रभूमि का क्षेत्र मुख्य रूप से ब्राजील में स्थित है। इस आर्द्रभूमि का कुछ क्षेत्र बोलीविया और पराग्वे देशों में भी आता है।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं :

(A) केवल 01 (B) केवल 02
(C) 01 और 02 (D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर :- (C) 01 और 02

**भूमिका** :- जुलाई के मध्य से विश्व की सबसे बड़ी उष्णकटिबंधीय आर्द्रभूमि, पैंटानल में आग लगी हुई है, अभी तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका है।

**परीक्षा उपयोगी बिंदु :-**

- ❖ पैंटानल आर्द्रभूमि विश्व की सबसे बड़ी उष्णकंटिबंधीय आर्द्रभूमि/दलदली भूमि वाला क्षेत्र है।
- ❖ पैंटानल आर्द्रभूमि का क्षेत्रफल 1,50,000 वर्ग किलो मीटर से भी अधिक है।
- ❖ पैंटानल के लगभग 80 प्रतिशत आधार क्षेत्र बारिश के मौसम में डूब जाते हैं, जिसमें विविध प्रकार के जैव विविधता वाले जलीय पौधे का विकास होता है। इससे भारी संख्या में जलीय पशुओं के विकास में सहायता मिलती है।
- ❖ आर्द्रभूमि, ऐसी भूमि होती है, जिसमें या तो स्थायी रूप से या फिर मौसमी तौर पर पानी उपलब्ध होता है। इस प्रकार यह एक अलग प्रकार की परिस्थितिकी बन जाती है।
- ❖ आर्द्रभूमि में सर्वाधिक उत्पादकता होने के कारण इसका सामाजिक आर्थिक एवं पारिस्थितिकी महत्व अत्यधिक है।
- ❖ 8 फरवरी 1971 को ईरान के रामसर में अंतर्राष्ट्रीय महत्व के आर्द्रभूमि पर रामसर को अपनाया गया था, भारत भी रामसर कन्वेंशन का एक हस्ताक्षरकर्ता देश है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

## इंडिजेन कार्यक्रम

**प्रश्न :- निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

1. इस कार्यक्रम के तहत, देश भर से लिए गए 1029 स्वघोषित स्वस्थ भारतीयों का जीनोम अनुक्रमण अक्टूबर 2019 में पूर्ण कर लिया गया है।
2. भारत दुनिया की 17 प्रतिशत आबादी वाले 1.3 बिलियन से अधिक व्यक्तियों के साथ जनसंख्या घनत्व के मामले में दूसरा सबसे बड़ा देश है।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं :**

(A) केवल 01 (B) केवल 02

(C) 01 और 02 (D) कोई नहीं

**उत्तर :- (C) 01 और 02**

**भूमिका** :- हाल ही में भारत के इंडिजेन कार्यक्रम के तहत 1029 अनुक्रमित जीनों के व्यापक संगणना, विश्लेषण परिणामों को एक वैज्ञानिक पत्रिका, न्यूक्लिक एसिड रिसर्च में प्रकाशित किया गया है।

**परीक्षा उपयोगी बिंदु :-**

- ❖ भारत दुनिया की 17 प्रतिशत आबादी वाले 1.3 बिलियन से अधिक व्यक्तियों के साथ जनसंख्या घनत्व के मामले में दूसरा सबसे बड़ा देश है। साथ ही भारत की जनसंख्या सरंचना में पुनरावर्ती जेनेटिक तत्वों की अधिकता है।
- ❖ भारत में विभिन्न आबादी से पूरे जीनोम अनुक्रम के अंतराल को भरने के लिए, सीएसआईआर के नेतृत्व में अप्रैल 2019 में इंडिजेन कार्यक्रम का शुभारंभ किया था।
- ❖ इस पूरी परियोजना में सीएसआईआर-जीनॉमिक्स एंड इंटीग्रेटेड बायोलॉजी इंस्टिट्यूट दिल्ली और सेल्यूलर एंड मोलेक्यूलर बायोलॉजी, हैदराबाद ने भाग लिया।
- ❖ इस कार्यक्रम के तहत देश भर के लिए गए 1029 स्वघोषित स्वस्थ भारतीयों का जीनोम अनुक्रमण अक्टूबर 2019 में पूर्ण कर लिया गया है। इस प्रक्रिया को एक निर्धारित समयसीमा में जनसंख्या पैमाने पर जीनोम अनुक्रमण करके सीएसआईआर द्वारा एक विशिष्ट उपलाब्धि हासिल की है।
- ❖ 1029 भारतीय जीनोम के सीएसआईआर इंडिजीनोम संसाधन समकालीन भारतीय आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाले आनुवंशिक वेरिएंट की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हैं।
- ❖ इस विश्लेषण से भारत जीनोम इंटासेट में 55,898,122 एकल न्यूक्लियोटाइड वेरिएंट की पहचान हुई।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- वैश्विक जीनोम डेटासेट के साथ तुलना से यह पता चला हैं कि 18,016,257 (32. 23 %) वेरिएंट अद्वितीय थे और यह केवल भारत से अनुक्रमित नमूनों में ही पाए गए थे।
- भारत जीनोम के अद्वितीय वेरिएंट भारत केन्द्रित जनसंख्या जीनोमिक पहल की आवश्यकता पर बल देता है।

## कलादान मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट

**प्रश्न** :- निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अराकान आर्मी को म्यामांर की सरकार ने आतंकी संगठन घोषित कर रखा है, और दोनों पक्षो के बीच एक साल अंदर लगभग 600 बार संघर्ष की घटनाएं हुई है।
2. भारत म्यांमार के कालादान मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट परियोजना का निर्माण कर रहा है।
3. इस परियोजना के अतंर्गत सड़क, नदी, बंदरगाह आदि के माध्यम से कोलकत्ता को म्यामांर से और फिर म्यामांर की कालादान नदी से भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों को जोड़ा जा रहा है।

**उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं :**

(A) केवल 01 (B) केवल 02

(C) केवल 03 (D) उपरोक्त सभी

**उत्तर :- (C) उपरोक्त सभी**

**भूमिका** :- भारत के द्वारा म्यामांर में बनाए जा रहे, कलादान मल्टी-मॉटल ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट के काम को म्यामांर से सक्रिय विद्रोही गुट 'अराकान आर्मी' द्वारा प्रभावित किया जा रहा है।

**परीक्षा उपयोगी बिंदु :-**

- अराकान आर्मी को म्यांमार की सरकार ने आतंकी संगठन घोषित कर रखा है, और दोनों पक्षो के बीच एक साल के अंदर लगभग 600 बार संघर्ष की घटनांए हुई है।
- एक रिपोर्ट के अनुसार कम से कम 4 बार ऐसा हुआ है, जब आराकन आर्मी के सदस्यों ने कलादान प्रोजेक्ट के लिए ले जाए जा रहे सामान की सुरक्षा में लगे म्यांमार के सैनिकों पर हमला किया है।
- भारत म्यांमार में कलादान मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट परियोजना का निर्माण कर रहा है। इस परियोजना पर 2008 में हस्ताक्षर किए गए थे।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

- इस परियोजना के अंतर्गत सड़क नदी, बंदरगाह आदि के माध्यम से कोलकाता को म्यामांर से और फिर म्यामांर की कलादान नदी से भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों को जोड़ा जा रहा है।
- कालादान मल्टी-मॉडल ट्रांसपोर्ट परियोजना का मुख्य हिस्सा म्यांमार के रखाईन और चिन प्रान्तों मे होकर गुजरता है।
- भारत द्वारा म्यांमार में चलायी जा रही अन्य प्रमुख परियोजनाए हैं - सितवे बंदरगाह परियोजना, भारत-म्यांमार-थायलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग।

□□□□□

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS